जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 09.05.2016

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
(सं. 2016–17/79)

## <u>डिब्बों में अस्थाई बढोतरी</u>

### <u>*02 गाडियों में बढाये वातानुकुलित डिब्बे*</u>

रेलवे प्रशासन द्वारा लम्बी प्रतिक्षा सूची को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर–पुरी–जोधपुर एवं विशाखापट्टनम–भगत की कोठी–विशाखापट्टनम एक्सप्रेस रेलसेवाओं में थर्ड एसी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार :–

1. गाडी संख्या 18473/18474, जोधपुर–पुरी–जोधपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस पुरी से दिनांक 11.05.16 को एवं जोधपुर से दिनांक 14.05.16 को 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः राई का बाग, फालौदी, पोकरण एवं अन्य स्टेशनो के यात्रियों को थर्ड एसी श्रेणी का 64 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगें।

2. गाडी संख्या 18573/18574, विशाखापट्टनम–भगत की कोठी–विशाखापट्टनम एक्सप्रेस में विशाखापट्टनम से दिनांक 12.05.16 को एवं भगत की कोठी से दिनांक 14.05.16 को 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः जयपुर, कोटा, गुना, कटनीमुरवाड़ा, रायपुर, पार्वतीपुरम् एवं अन्य स्टेशनों के यात्रियों को थर्ड एसी श्रेणी की 64 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगी।

<u>***उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिये नियमित रूप से विभिन्न रेलगाडियों में डिब्बों में अस्थाई तौर पर बढोतरी की जाती है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा वर्ष 2015–16 में मार्च माह तक 12719 अतिरिक्त डिब्बे विभिन्न रेल सेवाओं में जोडे गये है।***</u>

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**

<u>**नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज www.facebook.com/northwesternrailway पर भी अवलोकन कर सकते है।**</u>